दिन– मंगलवार

दिनांक– 02/12/2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से।

अवधिः– 15 मिनट

---

01. भाजपा के वरिष्ठ नेता प्रेम कुमार सर्वसम्मति से अठारहवीं बिहार विधानसभा के अध्यक्ष चुने गये। कहा– सदन में पक्ष और विपक्ष को साथ लेकर चलना उनकी प्राथमिकता होगी।

02 जदयू के वरिष्ठ नेता नरेन्द्र नारायण यादव विधानसभा के उपाध्यक्ष होंगे। किया नामांकन। कल निर्वाचन की होगी औपचारिक घोषणा।

03. राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां कल विधानमंडल के दोनों सदनों के सदस्यों को करेंगे संबोधित।

04. और, बोधगया में आज से बीसवां अंतरराष्ट्रीय त्रिपिटक पाठ समारोह शुरु। थाईलैंड, म्यामांर, लाओस और कम्बोडिया समेत सत्ताईस देशों के बौद्ध भिक्षु हो रहे हैं शामिल।

---

भाजपा के वरिष्ठ नेता प्रेम कुमार अठारहवीं बिहार विधानसभा के अध्यक्ष चुने गये हैं। उमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने श्री कुमार के नाम का प्रस्ताव रखा, जिसका अनुमोदन संसदीय कार्य मंत्री विजय कुमार चौधरी ने किया। इसके बाद प्रोटेम स्पीकर नरेंद्र नारायण यादव ने विधानसभा अध्यक्ष पद पर प्रेम कुमार के निर्विरोध निर्वाचन की घोषणा की।

———बाईट———

विधानसभा अध्यक्ष पद के लिए निर्विरोध निर्वाचन पर प्रेम कुमार ने सभी सदस्यों को धन्यवाद देते हुये कहा कि वे सदस्यों की आकांक्षाओं पर खरा उतरने का प्रयास करेंगे।

———बाईट———

प्रेम कुमार लगातार नौवीं बार विधानसभा के सदस्य चुने गये हैं। वे गया शहरी क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करते हैं। उन्होंने एनडीए सरकार में विभिन्न मंत्रालयों का भी कार्यभार संभाला है।

निर्विरोध निर्वाचन की घोषणा के बाद मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और राजद विधायक दल के नेता तेजस्वी प्रसाद यादव परंपरा के अनुसार विधानसभा अध्यक्ष को आसन तक ले गये। मुख्यमंत्री ने प्रेम कुमार के राजनीतिक जीवन की चर्चा करते हुए उनके निर्विरोध निर्वाचन के लिए बधाई और शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि प्रेम कुमार का संसदीय अनुभव काफी लंबा रहा है, जिसका लाभ सदन को मिलेगा।

———बाईट———

उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि नवनिर्वाचित विधानसभा अध्यक्ष के व्यापक राजनीतिक अनुभव का लाभ सदन को मिलेगा।

———बाईट———

उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने प्रेम कुमार को बधाई देते हुये कहा कि प्रेम कुमार के अनुभव से सदन गौरवान्वित होगा।

———बाईट———

संसदीय कार्य मंत्री विजय कुमार चौधरी ने प्रेम कुमार के निर्विरोध निर्वाचन पर बधाई देते हुये कहा कि उनके नेतृत्व में सदन संसदीय परंपराओं के नये मानक गढ़ेगा।

———बाईट———

लोक जनशक्ति पार्टी, रामविलास के राजू तिवारी ने विधानसभाध्यक्ष को शुभकामनाएं दी।

———बाईट———

हिन्दुस्तानी अवाम मोर्चा की दीपा कुमारी ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष को बधाई देते हुये कहा कि उनके नेतृत्व में सदन की गरिमा बढ़ेगी।

———बाईट———

राष्ट्रीय लोक मोर्चा की स्नेहलता कुशवाहा ने कहा कि प्रेम कुमार के मार्गदर्शन में बिहार विधानसभा नई ऊंचाईयों को छुएगा।

———बाईट———

राजद विधायक दल के नेता तेजस्वी प्रसाद यादव ने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि विधानसभा अध्यक्ष सत्तापक्ष और विपक्ष दोनों को साथ लेकर चलेंगे।

———बाईट———

कांग्रेस के मनोहर प्रसाद सिंह ने कहा कि विपक्ष को जनता की आवाज सदन में उठाने के लिए विधानसभा अध्यक्ष के समर्थन की जरूरत है।

———बाईट———

एआईएमआईएम के अख्तरूल इमान ने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि नये विधासभाध्यक्ष पूरी निष्पक्षता के साथ अपने कर्तव्यों को निर्वहन करेंगे।

———बाईट———

भाकपा–माले के अरूण सिंह ने प्रेम कुमार को विधानसभाध्यक्ष बनने पर बधाई देते हुये कहा कि उन्हें उम्मीद है कि सदन में पक्ष और विपक्ष दोनों की आवाज को समान रूप से तरजीह दी जायेगी।

–––बाईट–––

सीपीएम और आईआईपी के सदस्यों ने भी विधानसभा अध्यक्ष चुने जाने पर प्रेम कुमार को बधाई और शुभकामनाएं दीं।

इधर, आज विधानसभा की कार्यवाही शुरू होने के बाद प्रोटेम स्पीकर नरेंद्र नारायण यादव ने पांच सदस्यों– मदन सहनी, जीवेश कुमार, विनय बिहारी, केदारनाथ सिंह और डॉक्टर सुनील कुमार को शपथ दिलाई। वहीं, जेल में बंद होने के कारण अनंत कुमार सिंह और बिहार से बाहर रहने के कारण अमरेंद्र कुमार पांडेय शपथ नहीं ले सके।

–––––––––––––––––––––––––––––––––––––––––

जदयू के वरिष्ठ नेता नरेन्द्र नारायण यादव बिहार विधानसभा के नये उपाध्यक्ष होंगे। उन्होंने आज अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। विपक्ष की ओर से उपाध्यक्ष पद के लिए किसी ने भी नामांकन नहीं किया है, जिस कारण श्री यादव का निर्विरोध निर्वाचन तय है। कल उनके निर्वाचन की औपचारिक घोषणा की जायेगी।

–––––––––––––––––––––––––––––––––––––––––

राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां कल विधानमंडल के दोनों सदनों के सदस्यों को संबोधित करेंगे। एक रिपोर्ट–

–––रिपोट–––

राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां कल विधानमंडल के संयुक्त सत्र को संबोधित करेंगे। साथ ही कल ही राज्यपाल की ओर से प्रख्यापित अध्यादेशों की प्रति सदन पटल पर रखी जायेगी। इसके अलावा कल ही दूसरा अनुपूरक बजट भी पेश किया जाएगा। चार दिसम्बर को राज्यपाल के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा होगी और सरकार का उत्तर भी होगा। सत्र के अंतिम दिन पांच दिसम्बर को दोनों सदनों में दूसरे अनुपूरक बजट पर वाद–विवाद और मतदान होगा। इसी दिन विनियोग विधेयक पेश होंगे। समाचार कक्ष से कामिनी ठाकुर।

–––––––––––––––––––––––––––––––––––––––––

संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा है कि साइबर धोखाधड़ी के लिए दूरसंचार संसाधनों के दुरुपयोग को रोकने और साइबर सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से संचार साथी ऐप लाया गया है। श्री सिंधिया ने संसद भवन के बाहर पत्रकारों से कहा कि इस ऐप को कोई भी व्यक्ति चाहे तो अपने मोबाइल फोन से हटा सकता है।

–––बाईट–––

ये कस्टमर प्रोटेक्शन की बात है और हम ब्रह्म को मैं तोड़ने की कोशिश कर रहा हूं। कोई मैंडेटरी नहीं है, आप अगर रजिस्टर्ड नहीं करना चाहते हो, मतलब कि उदाहरण के तौर पे, इस ऐप का उपयोग नहीं करना चाहते हो, तो रजिस्टर मत करो, वो नॉर्मल रहेगा, डीलीट करना है तो डीलट कर लो। पर हर व्यक्ति को देश में नहीं मालूम कि मुझे फ्रॉड से प्रोटेक्ट करने के लिए, मुझे चोरी से प्रोटेक्ट करने के लिए ये ऐप है। तो हर व्यक्ति तक ये ऐप पहुंचाना हमारी जिम्मेदारी है।

———————————————————————————

बोधगया में आज से बीसवां अंतरराष्ट्रीय त्रिपिटक पाठ समारोह शुरु हो गया है। भारत में पहली बार इस समारोह का आयोजन हो रहा है। सत्रह भारतीय बौद्ध संगठनों के तत्वावधान में आयोजित यह समारोह बारह दिसम्बर तक चलेगा। हमारे संवाददाता ने बताया कि केन्द्रीय संस्कृति और पर्यटन मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने महाबोधि मंदिर में मुख्य समारोह का उद्घाटन किया।

———बाई ———

विश्व की बौद्ध आध्यात्मिक राजधानी माने जाने वाले बोधगया में भारत पहली बार अंतरराष्ट्रीय त्रिपिटक पाठ समारोह की मेजबानी कर रहा है। समारोह की शुरूआत में आज सुबह भव्य शोभायात्रा निकाली गई। इस शोभायात्रा में थाईलैंड, म्यांमार, श्रीलंका, कंबोडिया, लाओस, वियतनाम और नेपाल समेत सत्ताईस देशों से आए लगभग बीस हजार बौद्ध भिक्षु और श्रद्धालु शामिल हुए। शोभायात्रा की शुरुआत भगवान बुद्ध की ज्ञान स्थली 80 फीट बुद्ध प्रतिमा परिसर से हुई, जो पैदल यात्रा करते हुए कालचक्र मैदान तक पहुंची। सत्ताईस देशों के प्रतिनिधिमंडलों ने अपनी पारंपरिक झांकियों के माध्यम से समृद्ध बौद्ध संस्कृति की प्रस्तुति दी। बिहार, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, अरूणाचल प्रदेश, सिक्किम और लद्दाख की झांकियों ने भी शोभा बढ़ाई।

पूरा मार्ग 'बुद्धं शरणं गच्छामि' के मंत्रोच्चार, बौद्ध भिक्षुओं के गीतों, बौद्ध मंत्रों और शांतिमय स्वर लहरियों से गुजांयमान हो गया।

आकाशवाणी समाचार के लिए गया से धर्मवीर भारती।

———————————————————————————

निगरानी जांच ब्यूरो की टीम ने किशनगंज सदर प्रखंड के राजस्व कर्मचारी राजदीप पासवान को ढ़ाई लाख रूपये रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार राजस्व कर्मचारी शिकायतकर्ता से जमीन की नापी के लिए घूस ले रहा था।

———————————————————————————

प्रदेश के अधिकतर हिस्सों में ठंड में बढ़ोतरी हुई है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार पिछले चौबीस घंटों के दौरान दस दशमलव चार डिग्री सेल्सियस न्यूनतम तापमान के साथ समस्तीपुर राज्य का सबसे ठंडा स्थान रहा। मौसम पूर्वानुमान में कहा गया है कि अगले बहत्तर घंटों के दौरान न्यूनतम तापमान में एक से तीन डिग्री सेल्सियस की गिरावट आ सकती है। सुबह के समय कहीं–कहीं हल्का कुहासा छाये रहने का भी पूर्वानुमान है।

———————————————————————————

खगड़िया जिले के मुफ्फसिल थाना क्षेत्र अन्तर्गत गंगा नदी से सटे मथार बहियार में पुलिस, डी आई यू और एसटीएफ ने छापेमारी कर एक मिनी गन फैक्ट्री का

उद्भेदन किया है। मौके से निर्मित–अर्धनिर्मित हथियार और हथियार बनाने के उपकरण के साथ चार लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

———————————————————————

अररिया जिले के चौकता पंचायत में आग लग जाने से पांच घर जलकर नष्ट हो गये। अगलगी की घटना में लाखो रूपये की सम्पत्ति का नुकसान हुआ है।

———————————————————————

पर्यावरण वन और जलवायु परिवर्तन विभाग की ओर से सहरसा जिले में कोसी नदी तटबंध के भीतर शीतकालीन जल पक्षी गणना कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। अभी तब सत्तर प्रजाति की पक्षियों की पहचान हुई है।

———————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर..........

01. भाजपा के वरिष्ठ नेता प्रेम कुमार सर्वसम्मति से अठारहवीं बिहार विधानसभा के अध्यक्ष चुने गये। कहा– सदन में पक्ष और विपक्ष को साथ लेकर चलना उनकी प्राथमिकता होगी।

02 जदयू के वरिष्ठ नेता नरेन्द्र नारायण यादव विधानसभा के उपाध्यक्ष होंगे। किया नामांकन। कल निर्वाचन की होगी औपचारिक घोषणा।

03. राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां कल विधानमंडल के दोनों सदनों के सदस्यों को करेंगे संबोधित।

04. और, बोधगया में आज से बीसवां अंतरराष्ट्रीय त्रिपिटक पाठ समारोह शुरु। थाईलैंड, म्यामांर, लाओस और कम्बोडिया समेत सत्ताईस देशों के बौद्ध भिक्षु हो रहे हैं शामिल।

———————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।

आकाशवाणी पटना से अगला समाचार बुलेटिन प्रातः आठ बजकर अड़तालीस मिनट से प्रसारित किया जाएगा।